सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 06 मई, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में सचिव उद्योग एवं मुख्यमंत्री कार्यालय विनय शंकर पाण्डेय ने मुलाकात की। इस अवसर पर श्री पाण्डेय ने राज्यपाल महोदय को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 की प्रगति पर आधारित दस्तावेज की प्रति भी भेंट की।

श्री पांडेय ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट ने उत्तराखण्ड में निवेश के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है, जिसने राज्य को आर्थिक और उद्योगिक दृष्टि से मजबूत किया है। उन्होंने राज्यपाल को गत वर्ष के सम्मेलन के महत्वपूर्ण निर्णयों की भी जानकारी दी और आने वाले वर्षों के लिए निर्धारित योजनाओं को साझा किया। श्री पाण्डेय ने बताया कि अब तक लगभग 71 हजार करोड़ रुपए के एमओयू को धरातल पर क्रियान्वित किया जा चुका है और शेष कार्यों के लिए भी प्रक्रिया गतिमान हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने इस सफलता के लिए प्रदेश के नेतृत्व एवं अधिकारियों की प्रशंसा की और उनके परिश्रम को सराहा। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए उत्तराखण्ड की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बढ़ावा देने के लिए सभी के प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार प्रदेश द्वारा इस समिट के आयोजन से पूर्व तैयारियां की गई वह अभूतपूर्व थी, जिसका परिणाम हमें देखने को मिल रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट के दौरान साढ़े तीन लाख करोड़ से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर करने वाले निवेशक हमारे परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी निवेशक हमारे ब्रांड एंबेसडर भी हैं अतः उनके लिए किसी भी प्रकार की सुविधाएँ जुटाना हमारा कर्तव्य है। राज्यपाल ने कहा कि हमें इस कार्य की गति को बढ़ाते हुए सभी से पुनः संपर्क करने के साथ–साथ उनके द्वारा मिलने वाले सुझावों पर भी अमल करना चाहिए।

इस अवसर पर राज्यपाल ने श्री पाण्डेय से कहा कि वे ऐसे युवा अधिकारियों एवं तकनीकी एक्सपर्ट्स की एक टीम तैयार करें जिनका रुझान विकास और प्रगति की ओर हो, यह कार्य उत्तराखण्ड के उद्योग विकास में एक महत्वपूर्ण कदम होगा और राज्य के विकास में निवेशकों की भूमिका को मजबूत करने में मदद करेगी।

..........0...........